संख्या:10/1769/पैंतीस-2-2014-3/16(29)/09

प्रेषक,

जे0बी0सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आर्थिक बोध एवं संख्या निदेशक,
उ0प्र0, लखनऊ।

नियोजन अनुभाग-2 **लखनउ: दिनांक 03 दिसम्बर,2014**

विषय- **"सांख्यिकीय प्रणाली में सुधार " योजना के अन्तर्गत अर्थ एवं संख्या प्रभाग के क्षेत्रीय कार्यालयों एवं मुख्यालय हेतु क्रय किये गये कम्प्यूटर व सहवर्ती उपकरण के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या: 1399/ले0-12/2014, दिनांक 07.11.2014 का संदर्भ ग्रहण करे, जिसके द्वारा यू0पी0डेस्को से डेल ब्राण्ड के लगभग 215 कम्प्यूटर, 215 यू0पी0एस0, 215 एण्टीवायरस साफ्टवेयर, 215 एम0एस0आफिस साफ्टवेयर तथा 102 लेजर प्रिन्टर, स्टेटा-13 साफ्टवेयर-1 अदद तथा पी0डी0एफ0 राइटर साफ्टवेयर-1 अदद क्रय किये जाने हेतु रू0 1,37,23,500/- का अग्रिम भुगतान किये जाने के उपरान्त उक्त कम्प्यूटर/सहवर्ती उपकरणों की आपूर्ति किये जाने के पश्चात यू0पी0डेस्कों द्वारा अवशेष धनराशि रू0 1,28,67,216/- के प्रस्तुत बिल का यू0पी0डेस्को को भुगतान किये जाने का प्रस्ताव करते हुए अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपसे प्राप्त प्रस्ताव पर विचारोपरान्त श्री राज्यपाल उक्त क्रय किये गये कम्प्यूटर/सहवर्ती उपकरणों के अवशेष धनराशि रू0 1,28,67,216/- (रू0 एक करोड़ अट्ठाइस लाख सड़सठ हजार दो सौ सोलह मात्र) का भुगतान यू0पी0डेस्को को किये जाने की स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो के अधीन प्रदान करते है :-

(1) अवशेष स्वीकृत धनराशि का यू0पी0डेस्को को भुगतान से पूर्व समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कर ली जाय।
(2) स्वीकृत धनराशि का व्यय सुसंगत शासनादेशों, नियमों के अन्तर्गत समस्त औपचारिकताओं की पूर्ति करते हुए नियमानुसार किया जायेगा।
(3) धनराशि के व्यय के उपरान्त यदि कोई हानि होती हैं तो उसके लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

2- इस संबंध में होनेवाला व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 में अनुदान संख्या-40 के लेखाशीर्षक 3454-जनगणना सर्वेक्षण तथा सांख्यिकीय-02-सर्वेक्षण तथा सांख्यिकीय-आयोजनेत्तर-001-निदेशन एवं प्रशासन-05- तेरहवें वित्त आयोग की संस्तुतियों के परिप्रेक्ष्य में सांख्किीय प्रणाली में सुधार हेतु अनुदान के अर्न्तगत मानक मद 46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्यय) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप सं0: बी-1-2457/दस-2014-231/2014, दिनांक 22.07.2014 में दिये गये निर्देश के क्रम में निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय,

(जे0बी0सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्याः 10/1769(1)/पैतीस-2-2014-तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम व द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम व द्वितीय, उ0प्र0 इलाहाबाद।
3. वरिष्ठ आडिट आफीसर (आडीटर प्लानिंग) कार्यालय महालेखाकार लेखा परीक्षा, सत्य निष्ठा भवन, 15 थर्नहिल रोड, इलाहाबाद।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5
5. वित्त (लेखा) अनुभाग-1
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
7. वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(जे0बी0सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in